कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्र./48/रा.वि./न.पा.नि./2026 रायगढ़, दिनांक 02/04/26

।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ अधिनस्थ 02 जोन में 10 स्थलों पर स्थापित यूनिपोल विज्ञापन बोर्ड में आगामी 05 वर्षो के लिए विज्ञापन लगाये जाने हेतु विज्ञापन एजेंसियों से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से दिनांक 29/04/2026 को अपरान्ह 04.00 बजे तक मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मूल्य रू. 500.00 नगद जमा कर दिनांक 28/04/2026...... तक कार्यालयीन अवधि में प्राप्त किये जा सकते हैं।

निर्धारित समयावधि में प्राप्त निविदायें दिनांक 30/04/2026....... को सायं 04:00 बजे नगर निगम, रायगढ़ में उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जावेगी।

निविदा हेतु नियम व शर्ते निम्नानुसार हैः–

1. प्रत्येक जोन हेतु पृथक–पृथक निविदा–प्रथम लिफाफा में अमानत राशि के रूप में रू. 25,000.00 का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायगढ़ के नाम से एवं जी.एस.टी.पंजीयन प्रमाण पत्र,पैन कार्ड, ITR रिपोर्ट 2022–23 से 2024–25, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा द्वितीय लिफाफा में निविदा प्रपत्र होगा। दोनों लिफाफा एक लिफाफा में भरकर रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रेषित करना होगा अन्यथा निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं होगा।
2. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
3. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायगढ़ के पास सुरक्षित होगा। इस हेतु कोई कारण नहीं बताया जावेगा।
4. विस्तृत निविदा सूचना तथा नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध होंगी तथा वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com पर अवलोकन की जा सकती है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

पृ. क्र.48/रा.वि./न.पा.नि./2026 रायगढ़, दिनांक 02/04/26

प्रतिलिपिः–

1. मान.महापौर/सभापति/नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम, रायगढ़ को सूचनार्थ।
2. उपायुक्त, नगर पालिक निगम रायगढ़ को सूचनार्थ।
3. कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम रायगढ़ को सूचनार्थ।
4. कार्यालय अधीक्षक/लेखापाल, नगर पालिक निगम, रायगढ़ को सादर सूचनार्थ।
5. प्रोग्रामर, नगर पालिक निगम रायगढ़ को वेब साईड में अपलोड करने हेतु सूचनार्थ।
6. सहायक जन संपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम रायगढ़, उक्त सूचना का दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किये जाने हेतु सूचनार्थ।
7. कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner